दिनांक 21.08.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ डिग्निटी कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर दुर्ग के छात्र श्रृष्टि पहाड़िया, अमित शर्मा, शुभम त्रिवेदी, प्राची सेन, मासुम पाटनी, बलवंत सिंह, रुबीना शबा, ने वेस्ट मटेरियल से हुडको में गार्डन बनाकर यह बता दिया है कि जिसे हम कचरा समझते हैं उसका कैसे उपयोग किया जा सकता है। हुडको में इन छात्रों ने 20 दिन की मेहनत से और मात्र 20 हजार रुपये खर्चकर इस गार्डन को तैयार किया है। आपको बता दें कि गार्डन के रुप में विकसित करने के लिए बच्चों ने जिस स्थान का चयन किया उस स्थल पर निगम पहले कचरा डाला करता था जिसकी सफाई कर छात्रों ने उस स्थान को गार्डन का स्वरुप दिया है टीम के छात्र श्रृष्टि पहाड़िया ने बताया कि इस गार्डन का निर्माण नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्टुडेंट्स ऑफ आर्किटेक्ट (नासा) से मिले टॉस्क के आधार पर इस गार्डन का निर्माण किया गया है। बच्चों के उत्साह को देखते हुए हुडको के निवासियों ने भी उनके इस कार्य में हाथ बटा रहें है।

जन सम्पर्क अधिकारी